हम हैं श्याम दीवाने | by Passi Kesri

हम है श्याम दीवाने ये ऐलान करते हैं
हम खाटूवाले श्याम धणी से प्यार करते हैं

जब जब भीड़ पड़ी भक्तों पे बाबा साथ निभाते हैं
जिसने शीश झुकाया दर पे झोली भरके जाते हैं
खाटू वाले दुखियों का उद्धार करते हैं
हम खाटूवाले श्याम धणी से प्यार करते हैं

सुन्दर मुखड़ा चाँद का टुकड़ा बाबा श्याम हमारा है
श्याम शरण में देख ले आके आता अजब नज़ारा है
बाबा भी अपने भक्तों से प्यार करते हैं
हम खाटूवाले श्याम धणी से प्यार करते हैं

उसकी हार कभी ना होती श्याम का जो गुणगान करे
मोरछड़ी का लेलो झाड़ा पल भर में आराम करे
पस्सी केसरी बाबा का गुणगान करते हैं
हम खाटूवाले श्याम धणी से प्यार करते हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%87-by-passi-kesri/